Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 01-02-2022 अंक 130

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## डे.स्पेशल




## आज का पंचांङ्ग –

आज का अंग्रेजी दिनांक:-02.02.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
सौम्यायन याम्यगोल:
ऋतु:---शिशिर
माह:---माघ
पक्ष:--कृष्ण पक्ष
तिथि:---प्रतिपदा तिथि दिन 09:31 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि
दिन:---बुधवार
नक्षत्र:---धनिष्ठा नक्षत्र
योग:---वरियांन
करण:---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:33
सूर्यास्त : संध्या 05:27
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि मे प्रातः 07:51 मिनट तक उपरांत कुम्भ राशि मे
आज का राहूकाल दिन:---12:00 बजे से दिन:---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट:---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास:-आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पित करने से विद्यार्थियों को लाभ होगा
नोट:--दिनांक 02-02-2022 से दिनांक 06-02-2022 तक पंचक रहेगा।



आलेख :---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# एकल अभियान बरही अंचल की पदमा संच समिति का हुआ गठन, सुबोध शर्मा बने संच अध्यक्ष, मनोज सचिव

## सनातन संस्कृति को संरक्षित एवं मजबूत बनाने में सामूहिक प्रयास की जरूरत : प्रशांत सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

एकल अभियान बरही अंचल की ओर से पदमा संच समिति की गठन को लेकर प्रबुद्धजनों की बैठक पदमा परतन शिव मंदिर के प्रांगण में हुई। अध्यक्षता बरही अंचल समिति के सचिव कृष्णा प्रजापति एवं संचालन एकल अभियान के भाग अभियान प्रमुख ओम प्रकाश कुमार एवं संच प्रमुख सरिता देवी ने किया। इस बैठक में जिला संयोजक बजरंग दल प्रशांत कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। सव. सम्मति से पदमा संच समिति के अध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा, सचिव मनोज कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मेहता एवं कोषाध्यक्ष पंकज कुमार को बनाया गया। सभी नव चयनित पदाधिकारियों को एकल अभियान की नीति सिद्धान्त एवं उद्देश्य से अवगत कराया गया।



एकल अभियान की बैठक में शामिल लोग

इसके साथ ही पंचमुखी शिक्षा योजना से संबंधित सभी विभाग की समिति का गठन करने की जिम्मेवारी नई संच समिति को दी गई है। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि इन दिनों धर्मांतरण का गंदा खेल खेला जा रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए हम सभी को एक मंच पर आना होगा। हम सब एकल अभियान से जुड़कर अपनी सनातन संस्कृति को मजबूत कर सकते हैं। मौके पर भाग अभियान प्रमुख ओम प्रकाश कुमार,अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख नरेश पासवान, संच प्रमुख सरिता देवी, प्रशांत कुमार सिंह, निशांत कुमार सिंह, सोनू कुमार राणा, मनोज कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार मेहता, राहुल कुमार, सुभाष कुमार, कुलदीप रविदास, सुधीर कुमार मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# धर्म जागरण से ही सनातन की रक्षा संभव : इन्द्रदेव गुप्ता

## केदारुत पंचायत के घियाही में विहिप की ग्राम कमेटी का गठन, हरि प्रसाद मेहता को मिली अध्यक्ष की जिम्मेवारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

केदारूत पंचायत के ग्राम घियाही में संगठन विस्तार के उद्देश्य को लेकर विश्व हिंदू परिषद बरही ईकाई की बैठक विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार की अध्यक्षता में देवी मंडप के प्रांगण में आयोजित की गई । जिसमें जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता और जिला गौ रक्षा प्रमुख इन्द्रदेव गुप्ता भी उपस्थित रहे द्य ग्राम समिति गठन किया गया जिसमें हरी प्रसाद मेहता अध्यक्ष, जुगल मेहता उपाध्यक्ष, सच्चिदानंद कुमार मेहता उपाध्यक्ष, आशीष राणा मंत्री, दशरथ मेहता सह मंत्री, कुमार मेहता बजरंग दल सहसंयोजक, विजय मेहता नरेश मेहता सह मंत्री, श्याम संयोजक, आशीष मेहता गोरक्षा प्रमुख, अनिल मेहता सामाजिक समरसता प्रमुख, घमन मेहता मिलन प्रमुख, बसंती देवी सत्संग प्रमुख, प्रेम मेहता सेवा प्रमुख, गोविंद मेहता व्यवस्था प्रमुख, काजल कुमारी दुर्गा वाहिनी प्रमुख, धनेश्वरी देवी मातृशक्ति प्रमुख, सुनीता देवी सह प्रमुख, रंजू देवी सह प्रमुख, रिंकू देवी सह प्रमुख बनाए गए। वही ग्राम कमेटी में सदस्य के तौर पर मीना देवी, इंदिरा देवी, सुदामा देवी, किरण देवी, फूलों देवी, बेबी देवी, शशि कुमार, मिस्टर कुमार, विकास कुमार को शामिल किया गया। नव गठित कमेटी ने सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया।



विहिप की बैठक में शामिल ग्रामीण

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
पुरहरा मोड, रसोईया धमना, बरही

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नगर केशरवानी वैश्य सभा का चयन, बलराम केशरी बने नगर अध्यक्ष, महेंद्र केशरी महामंत्री व काशी केशरी बने कोषाध्यक्ष

### उत्सव वाटिका में नगर केशरवानी वैश्य सभा की बैठक, 23 फरवरी को वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



नगर केशरवानी वैश्य सभा की बैठक में शामिल लोग

तिलैया रोड स्थित उत्सव वाटिका में नगर केशरवानी वैश्य सभा की चुनाव को लेकर बैठक की गई। पर्यवेक्षक झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री भगवान केसरी एवं नगर केसरवानी वैश्य सभा के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू के देखरेख में नगर केशरवानी वैश्य सभा का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष बलराम केसरी , नगर महामंत्री महेंद्र केसरी एवं नगर कोषाध्यक्ष काशी केसरी को चुना गया। वही केशरवानी आश्रम निर्माण समिति के संरक्षक इंद्रदेव केसरी, अध्यक्ष विनोद केसरी को बनाया गया है। वहीं केशरवानी महिला सभा का भी चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्षा जयंती केशरी, महामंत्री रेखा देवी एवं कोषाध्यक्ष उर्मिला देवी को चुना गया । चयन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वार्षिक सम्मेलन आयोजन करने हेतु विचार विमर्श किया गया। सभी लोगों ने अपना विचार प्रकट किए । सभी लोगों ने पटना रोड केसरवानी आश्रम में 23 फरवरी 2022 को सम्मेलन हर वर्ष की भांति स्थिति को देखते हुए इस वर्ष संपन्न कराने का निर्णय लिया गया ।मौके पर जगदीश साहू , भग. वान केशरी ,व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केसरी महेंद्र केसरी, काशी केसरी , राजेश केसरी उर्फ मेवालाल ,पंचायत प्रमुख राजेश केशरी, उमेश केसरी, लखन केसरी, निर्मल केसरी ,संतोष केसरी, सचिव जयराम केसरी ,रवि केसरी, राजकुमार केसरी , बजरंगी केसरी , अनीता देवी ,सुनीता देवी ,मोनी केसरी ,अंजलि केसरी, केसरी नीलम देवी, पूनम देवी, संजू देवी, मनोज केसरी ,इंद्रदेव केसरी ,तरुण वैश्य युवा सभा के अध्यक्ष रंजीत केसरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन, अजय कुमार बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



प्रबंधन समिति पुनर्गठन मे शामिल लोग

उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को लेकर विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों एवं शिक्षकों की एक आम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कृष्ण मोहन यादव ने की । इस बैठक में बतौर पर्यवेक्षक सीआरपी गुलाब चंद्र प्रसाद एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव अनूप कुमार प्रधान की देखरेख में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया । इस समिति में अजय कुमार उर्फ छोटी राम को अध्यक्ष, चमेली देवी को उपाध्यक्ष एवं मुनवा देवी को संजोजिका का चुना गया। इसके साथ ही 12 सदस्यों को कार्यकरणी समिति की सदस्य चुना गया। मौके पर महेंद्र ठाकुर, सुरेश यादव, रहमत अली, चमेली देवी, मुस. तकीम अंसारी, सोनी देवी, सविता देवी, रेखा देवी, गा. रवा देवी, धनेश्वरी यादव, कृष्णा यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## सामाजिक समरसता का गुलदस्ता है कांग्रेस पार्टी : इकबाल रजा

### बरही कांग्रेस कमेटी की ओर से मलकोको में चलाया गया सदस्यता अभियान, 25 ने ली सदस्यता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



सदस्यता ग्रहन करते लोग

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राज्य कमेटी के निर्देशानुसार बरही प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा के नेतृत्व में मलकोको पंचायत के मलकोको में सदस्यता अभियान चला गया। इस अभियान में मोहम्मद कुर्बान एवं मो. हम्मद मुस्ताक की अगुवाई में 25 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इसके साथ ही सभी ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता निभाने की बात कही । इस अवसर पर सदस्यता ग्रहण किए लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक गुलदस्ता है, जहां सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को समान रूप से सम्मान भी दिया जाता है । कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिन्होंने देश में आपसी भाईचारगी, संप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक सद्भाव का माहौल बनाए रखने के पक्षधर रही है । यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी के प्रति सभी जाति धर्म का झुकाव रहता है। मौके पर मौजूद मीडिया प्रभारी तौकीर रजा ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने सभी को आपसी सद्भाव बनाए रखने का पाठ पढ़ाती है। इस पार्टी को मजबूत बनाने में हम सभी को भागीदार बननी चाहिए। मौके पर मो0 कुर्बान उपमुखिया, मो0 मुश्ताक ,महबूब आलम ,मुस्लिम मियाँ, जहूर अंसारी ,मो0 अलाउद्दीन ,इसुफ़ अंसारी, हिदायत अंसारी ,मुमताज अंसारी, बिजय ठाकुर ,सबिदा खातून ,मुजाहिद खातून ,मोईन अंसारी ,अब्दुल अंसारी, बासुदेव सिंह, शमशेर अंसारी ,जब्बार अंसारी, मो0 ख़ुर्शीद आलम, अहमद अंसारी ,सहज्जाद अंसारी, सुभानी अंसारी , साजिद अंसारी ,समीना खातून, सुलेमान अंसारी, मिश्री लाल राणा आदि लोग मौजूद थे

## एकादश कार्यक्रम में शामिल हुएं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत कई समाजसेवी



एकदशा कार्यक्रम का उद्घाटन करते मनोज यादव एवं अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**




रविवार को बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत चार माइल ग्राम निवासी मंटु यादव के दादा स्व. महावीर यादव के श्राद्ध के एकादशा कार्यक्रम का उद्घाटन मनोज कुमार युवा समा. जसेवी रोहित यादव, पिंटू यादव ने कार्यक्रम को फीता काटकर किया। साथ ही दीप जलाकर मृतक के आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया ।मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मृत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर प्रार्थना किए । एकदशा कार्यक्रम में गीत संगीत जागरण का आयोजन किया गया। मौके पर शोकाकुल ग्रामीणों में प्रयाग यादव, रामेश्वर यादव, बहादुर यादव, शिवाली यादव, सुभाष यादव सचिन यादव, अनुज, संजय ,सुमित ,नीतीश रंजीत, बिट्टू, मंटू, अमित, सुरेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## नए रोजगार के सृजन का बजट : मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



मनोज कु0 यादव

बरही : भाजपा नेता सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बजट पर प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट देश मे लाखों नए रोजगार का सृजन करने वाला बजट है। कहा कि जिस प्रकार से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा क्षेत्र, सड़क, स्वास्थ्य, लघु कुटीर से लेकर बड़े उद्योगों के विकास के लिय सुविधाओं का प्रावधान किया गया है उससे नया भारत, आत्म निर्भर भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट लोकलुभावन नही स्थायी और समग्र विकास का बजट है। उन्होंने कहा कि जो राज्य जितनी तेजी से बजट का लाभ लेने के लिय अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगा वह राज्य उतना अधिक लाभ ले सकेगा। कहा कि यह बजट देश मे औद्योगिक विकास को गति देने का प्रयास सराहनीय है। इससे रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। कहा कि यह संतुलित बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में मि. हलाओं, बच्चों के विकास के लिय सार्थक प्रावधान किए गए हैं।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## डीवीसी के मनमानी बिजली कटौती के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे विधायक

### बिजली नहीं तो पानी नहीं आश्वासन नहीं गारंटी चाहिये : अमित यादव

### देर शाम डीवीसी के सकारात्मक पहल के बाद समाप्त हुआ अनिश्चितकालीन धरना

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**




धरना पर बैठे विधायक व अन्य

डीवीसी के मनमानी बिजली कटौती के खिलाफ व आठ सूत्री मांगों को लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ तिलैया डैम स्थित डीवीसी विद्युत केंद्र के समीप मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। धरना के पूर्व सैकड़ों समर्थकों के साथ बड़की धमराय ऊपर मोड़ से जुलूस के शक्ल में तिलैया डैम पहुंचे। जहां जुलूस धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बीबीसी इस क्षेत्र की जनता को वर्षों से चलने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि डीवीसी यहां के लोगों का जमीन लेकर बिजली उत्पादन कर रही है लेकिन इतने दिनों के बाद भी यहां के लोगों को बिजली नसीब नहीं हो पा रही है उन्होंने कहा कि अगर डीवीसी अपने रवैया में सुधार नहीं करता तो तिलैया डैम से जाने वाले पानी को रोक दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि देवी जी के खिलाफ है एकजुट होना होगा। मौके पर सरयू प्रसाद वर्मा, धानेश्वर ठाकुर,सांसद प्रतिनिधि रामलखन यादव, मनोज साव, राजकुमार पांडेय, चलकुसा के उप प्रमुख दुर्गा प्रसाद यादव, युवा नेता सुधाकर यादव, विशाल भदानी, राखी भदानी, मनोज चौधरी, सुबोध चौधरी, मनोज कुमार यादव, चेतलाल महतो, अजय यादव, सहदेव यादव, छोटे लाल यादव, शिव शंकर यादव, विनोद कुमार, शंकर ठाकुर, वासुदेव साव, राम लखन मेहता, पवन कुमार, वासुदेव दास ,विनय कुमार यादव, सहदेव यादव, पंकज यादव, मनोज यादव, युसूफ अंसारी, राज. कुमार दास, मीना साव, उपेंद्र दास आदि मौजूद थे।

क्या है मांगे रु–

1. सात जिलों में डीवीसी 24 घंटे बिजली देने का गारंटी दे।
2. डीवीसी के द्वारा आरआर प0लिसी के तहत वंचित लोगों का नाम अतिशीघ्र जोड़ा जाए।
3. सीएसआर के द्वारा 4 वर्षों से क्षेत्र का विकास कार्य जो बंद है उसे तत्काल शुरू किया जाए।
4. तिलैया डैम उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति अविलम्ब हो।
5. तिलैया डैम से तिलैया बस्ती होते हुए जाने वाले रोड का मरम्मतीकरण जल्द प्रारम्भ हो।
6. डीवीसी के द्वारा बिजली पानी की समुचित व्यवस्था पुरे विस्थापित क्षेत्र में जल्द से जल्द सुनिश्चित हो।
7. डीवीसी के द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों के शिक्षकों की बकाया वेतन का भुगतान अविलम्ब हो।
8. बांझेडीह केटीपीएस से चंदवारा तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था एवं समय-समय पर फोर लाइन रोड में पानी का छिड़काव की व्यवस्था सु. निश्चित हो।

लेकिन देर शाम तिलैया डैम विधुत उत्पादन केन्द्र के हाईडल इंचार्ज धरना स्थल पर पहुंच कर आठ सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल करने के उपरांत धरना को समाप्त कर दिया गया।

## ऐश डस्ट लदा हाइवा अनियंत्रित होकर पलटा रांची पटना मार्ग 3 घण्टे रहा जाम

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पटना मार्ग स्थित कोडरमा घाटी में आये दिन सड़क दुर्घटना में कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह ऐशपौड लदा हाइवा नवां माइल घाटी में अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार बंझेडीह प्लांट से ऐशपौंड लोद हाइवा, बिहार जाने के क्रम में घाटी में अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो बीच पलट जाने से रांची पटना मार्ग करीब 3 घंटे तक जाम रहा। सड़क जाम के कारण राहगीरों को काफी परेशानी हुई। वहीं सड़क जाम की सूचना पाकर कोडरमा पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम को छुड़ाने में लग गये। बहरहाल ऐश लोड हाइवा को क्रेन की मदद से सड़क किनारे किया गया। जिससे आवागमन पुनः चालू हो सका। ज्ञात हो कि बांझेडीह प्लांट से प्रतिदिन सैकड़ो की सख्या में ऐश डस्ट लोड हाइवा व ट्रक कोडरमा के रास्ते बिहार जाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है।

कच्चा तेल लूट रहे ग्रामीणों को पुलिस ने रोका, झड़प कोडरमा घाटी में बीती रात कच्चा रिफाइन तेल लोड टैंकर पल्ट जाने के बाद गुरुवार की सुबह स्थानीय लोग काफी संख्या में उक्त स्थल पर गिलेन, बाल्टी लेकर तेल लूटने में लग गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंदुभूषण प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंचे और तेल लूट रहे ग्रामीणों को रोका। इस बीच ग्रामीणों के साथ पुलिस की नोक झोंक और ग्रामीणों की एयर से हुये पथराव के दौरान पीसीआर वैन का एक जवान के सिर में चोट लगी और वह घायल हो गया। जबकि बिहार से कोडरमा की ओर आरही असनाबाद की एक महिला को भी चोट लगी। इस बाबत थाना प्रभारी इंदुभूषण ने बताया कि घाटी में कच्चा तेल लदा टैंकर पलटने के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण तेल लूटने का प्रयास कर रहे थे, जिसे पुलिस बल के द्वारा रोका गया। ग्रामीणों के साथ हल्की नोक झोंक हुई है।

## बजट गरीब, बेरोजगार, किसान, मध्यमवर्ग के हित में नहीं है : भाकपा

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



महादेव राम



भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक

भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य, जिप सदस्य महादेव राम एवं सीपीआई जिला सचिव प्रकाश रजक ने संयुक्त रूप से ब्यान जारी कर कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री आज संसद में जो आम बजट प्रस्तुत की है उसमें बहुत ही चतुराई से बाजीगिरी की गई है। ताकि आम जनता इस बजट को लोकलुभावन समझे। उन्होंने कहा है कि यह बजट गरीबों के लिए नहीं है, इस बजट में मात्र 15 लाख रोजगार सृजन करने की बात कही गई है जो इतना बड़ा देश में बहुत कम है। रेलवे जो देश के सबसे बड़ा रोजगार सृजन करने वाला विभाग है उसे पीपीपी म0डल किया गया है जिससे बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिलेगा। पीपीपी म0डल से धनाढ़ लोगों का भला होगा, गरीबों का भला नहीं होगा। इस बजट में कृषि के बारे में कुछ नहीं कहा गया है जबकि प्रधानमंत्री ने 2019 के आम चुनाव में कहा था किसानों की आय 2022 में दोगुनी हो जाएगी साथ ही सभी गरीबों को आवास मिल जाएगा। 2022 गुजर रहा है न तो किसानों की आमदनी दोगुनी हुई और न ही आवास मिला है। बल्कि किसान अपना अनाज सस्ते दामों में बेच रहे हैं। किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। कृषि काला कानून वापस लेने के समय प्रधानमंत्री ने कहा था कि सारा मुकदमा वापस लिया जाएगा, कमेटी का गठन करेंगे एवं एमएसपी लागू करेंगे। इस बजट में एमएसपी कानून बनाने की दिशा में बहुत सार्थक उपाय नहीं किया गया है। मनरेगा जैसी योजना को धीरे धीरे कमजोर किया जा रहा है। जबकि कोरोना जैसी महामारी में रोजगार का डिमांड का मांग बढ़ा है। इसके बावजूद भी पिछले बजट से इस बजट में एलोकेशन कम किया गया है। पिछले साल 98 हजार करोड़ प्रावधान था। जबकि इस बजट में मात्र 73 हजार करोड़ का प्रावधान है। रेल बजट में भी कोई उल्लेखनीय है घोषणा नहीं है। 400 बंदे मातरम ट्रेन चलाकर रेल विभाग को भगवाकरण किया जा रहा है पिछले बजट में बुलेट ट्रेन की बात थी। इस बजट में बुलेट ट्रेन गायब है। रोजगार के बारे में बजट में कोई उल्लेखनीय घोषणा नहीं है। जबकि कोरोनावायरस के कारण करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए हैं। कुटीर उद्योग लघु उद्योगों के लिए पैकेज की भी व्यवस्था नहीं की गई है। जो कुटीर एवं लघु उद्योग नौजवानों को रोजगार देता है उसके लिये कोई खास पहल नहीं हुआ। बजट में जीएसटी की बहुत ही प्रशंसा की गई है एवं लाखों हजार करोड़ आमदनी की बात की गई है। जीएसटी से देश का आय जरूर बड़ा है लेकिन गरीबों का प0केट काट्कर। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं रेलवे किराया बढ़ाकर गरीब एवं मध्यम वर्ग से खून चूसा गया है। पेट्रोलियम पदा. र्थों पर जितना टैक्स भारत में है दुनिया में इतना टैक्स कहीं नहीं है। यह बजट मिलाजुला कर गरीब, बेरोजगार, किसान, मध्यमवर्ग के हित में नहीं है

## धान लोड ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलटा, बाल बाल बच्चे चालक, उप चालक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**




घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लेते मो कयूम

बरही प्रखंड के विजैया के दो नंबर डैम के समीप एक धान लोडकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के मुता. बिक बैरिसाल से धान लोडकर सुबह पांच बजे ट्रक संख्या जेएच02 टी/3704 बरही की ओर आ रहा था। अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें ट्रक चालक उपचालक बाल बाल बचे। हालांकि दोनों को मामूली चोटें भी आई। सूचना पाकर जीप प्रतिनिधि मां कयूम घटना स्थल पर पहुंचे। इसकी सूचना बरही थाना प्रभारी को दी गई। सूचना पर गाड़ी के मालिक किशोर सोनी, पंकज मोदी एवं उमेश मोदी भी घटना स्थल पर पहुंचे और बताए कि पूरा ब0डी बर्बाद हो गया है। लाखो की क्षति हुई है।



दिनांक: 01-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

## भारतीय सेना के सेवानिवृत्त 14 ग्रेनेडियर का गावां में किया गया भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : गावां**
**मुजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त 14 ग्रेनेडियर निरंजन कुमार सिंह मंगलवार को अपने पैतृक गांव गावां प्रखण्ड के मंझने आये। इस दौरान पूरे गावां वासियों के द्वारा उनके स्वागत में जगह जगह भव्य स्वागत समारोह एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। सबसे पहले पटना चौक पर उनके लिए भव्य स्वागत समारोह किया गया और उसके बाद वहां से शोभायात्रा के साथ हजारों की संख्या में लोग दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों से गावां होते हुए उनके पैतृक गांव मंझने तक पहंचे। इस सम्मान समारोह सह शोभायात्रा यात्रा में शामिल लोगों का जनसैलाब ग्रेनेडियर निरंजन कुमार सिंह की देश सेवा की शक्ति और उत्साह को बढ़ाने का काम किया है। अपने पैतृक गांव मंझने पहुंच कर उन्होंने तमाम गांव वासियों को इतना प्यार और सम्मान देने के लिए शुक्रिया अदा किया और कहा कि यहाँ का कोई भी नौजवान अगर सेना में जाकर भारत माता की सेवा करना चाहता है तो वो मुझसे मिले मैं उसे निःशुल्क ट्रेनिंग देने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यहां के लोगों को इतना जागरूक करूंगा कि यहाँ के और भी युवा सेना जॉइन कर भारत माता की सेवा कर सके। इस दौरान उन्होंने हेल्थ केयर सेंटर और निःशुल्क ट्रेनिंग सेंटर खोलने की बात भी कहे। इस कार्यक्रम में पूरे गावां प्रखण्ड के हजारों की संख्या में लोग सामिल थे।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बरनी थाना परिसर में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर मंगलवार को अंचलाधिकारी की अध्यछता व तुलसी यादव के संचालन में एक शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुवी ।इस बैठक में थाना प्रभारी शर्मानन्द सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना शांतिपूर्ण रूप से करे कहि भी रास्ते मे पूजा के नाम पर चन्दा नही ले ओर विद्यायल के बच्चे व समिति के लोग शांतिपूर्ण रूप से यह त्योहार मनाने का प्रयास करे साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करना अति आवश्यक है ।वही अंचलाधिकारी अशोक राम ने कहा कि इस अवसर पर बच्चों में बचपना काफी रहता है और काफी उत्साह में भी रहता है जिससे अशांति का माहौल कहि कहि बन जाता है इसे रो. कने के लिए बुद्धिजीवी ला. `गो से आग्रह है कि इस अवसर पर बच्चों पर कड़ी नजर रखना भी जरूरी होता है अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी अशोक राम थाना प्रभारी शर्मानन्द सिंह तुलसी यादव बहादुर सिंह रामलखन यादव रंजन कुमार रामधनी सिंह उपेंद्र राय बिनोद कुमार अनवर अंसारी रामसुंदर यादव डेगन महतो समेत कई लोग उपस्थिय थे।

## पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद सह हुड़को निर्देशक आदरनीय डॉ रविन्द्र कुद्रराय जी पर जानलेवा हमला के खिलाफ

## बिरनी भाजपा कार्यकर्ता ने निकाला प्रतिवाद मार्च एवं फुका आबुवा राज हेमंत सोरेन का पुतला

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



भारतीय जनता पार्टी प्रखंड बिरनी मंडल अध्यक्ष श्री रा. जदेव साव जी, भरकट्टा मंडल अध्यक्ष श्री अशोक कु बर्मा जी एवं संचालन राजेंद्र राम ने किए और इनके नेतृत्व हाई स्कूल पलोजिया से विराजपुर मोड़ से बिरनी प्रखंड मुख्यालय तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया ।कोडरमा के पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह हुडको के निदेशक डo रवींद्र कुमार राय जी पर रविवार को रउउ सरकार के समर्थक ने जानलेवा हमला किया गया । इस गठबंधन की सरकार ने भोजपुरी,मगही और अंगिका भाषा लागु करने वाली सरकार झामुमो–कांग्रेस की लेकिन विरोध झामुमो के मुख्यमंत्री, विधायक,सांसद या नेता का ना करके भाजपा के नेताओ का किया जा रहा है। इस सरकार दोहरी नीति नही चलेगी असामाजिक तत्वों का मनोबल चरम पर है ।झारखण्ड में चल रहा गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासनकाल में जनप्रति. निधियों सुरक्षित नही है तो जनता को कैसे सुरक्षित रख सकते है। गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ झारखंड सरकार आबुवा राज हेमंत सरकार का पुतला दहन किया गया साथ ही लुक्कड़ सभा किया गया प्रखंड मुख्यालय के सामने करीब एक घटे तक जाम रखा गया'।

प्रतिवाद मार्च सह लुक्कड़ सभा के माध्यम से 6 सूत्री मांग किया गया ।

1 आन्दोलन की आड़ में जानलेवा हमला करने वाले उपद्रवियों पर जांचोपरांत कार्रवाई हो ।

2भाजपा नेताओं पर साजिस के तहत हमला करना बन्द करो ।

3 राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं के साथ खिलवाड़ करना बन्द करो।

4 झारखंडी स्तीत्व, धरोहर, भाषा ,संस्कृति, सभ्यता से छेड़छाड़ करना बन्द करो ।

5 नक्सलियों एवं उग. वादियों को संरक्षण देना बन्द करो ।

6 गिरती कानून व्यवस्था को ठीक करो ।

उक्त मोके पर प्रमुख प्रति. निधि मनोज सिंह,देवनाथ राण जी, महेंद्र यादव, प्रेमचंद कुशवाहा, प्रदेश युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य रणेश आनंद, निशात कुमार, कैलाश पासवान, मनोज चन्द्रवंशी जी, सुभाष बर्मा , रंजीत राय, मीरतुजय राय विक्रम तर्वे, मिथलेश राय, माँझी तुरी, प्रवीण प्रभाकर, छत्रधारी दास, आजाद तुरी,सचिन तर्वे, सुकर पंडित , हरिश्चन्द्र पंडित, तुलशी यादव, राम लखन यादव, विशेश्वर साव,रामधनी बर्मा ,अरविंद मोदी संतोषी चौधरी, विनोद सिंह, स्यामदेव सिंह, राम विजय सिंह, मकसूदन सिंह, जगरनाथ साव, कुमेड पा. सवान, रामु यादव, सतेन्द्र राउत, दुलार चंद महतो एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।







APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## तमिलनाडु में जबरन धर्म परिवर्तन के कारण 12वीं की छात्रा लावण्या की आत्महत्या मामले में अभाविप का देशभर के ज़िला केंद्रों पर प्रदर्शन

### जबरन धर्म परिवर्तन व आत्महत्या मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर देशभर के ज़िलाधिकारी के माध्यम से तमिलनाडु राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन

**अपेन लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




तमिलनाडु के तंजावुर जिले के सेक्रेड हार्ट्स हाई स्कूल की छात्रा लावण्या ने स्कूल में ही कार्यरत रैक्लाइन मैरी और सगाया मैरी से मिले जबरन ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन के असहनीय यातना के कारण आत्महत्या कर ली और इसी संबंध में अभाविप कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारियों के माध्यम से तमिलनाडु राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा इसी कडी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग द्वारा उपायुक्त के माध्यम से ता. मिलनाडु के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया तथा इस मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से करने की मांग की गई । विदित हो की मृतक छात्रा ने अपने एक वीडियो स्टेटमेंट में उल्लेख किया की कैसे सिस्टर रेक. लिन मैरी ने उसके माता-पिता से अपने धर्म को परिवर्तित करने के लिए दबाव बनाया। दुर्भाग्यपूर्ण है की छात्र की वीडियो सामने आने के बावजूद एवं उनकी माँ की गवाही के बावजूद भी राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस घटना की कड़ी निंदा करती है एवं सरकार से इस आत्महत्या की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच करने की मांग करती है। अखिल भारतीय भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए आज देश भर में जिलाधिक. ारियों को ज्ञापन सौंपा एवं छात्रा के न्याय की मांग तमिलनाडु के राज्यपाल से की। अभाविप कार्यकर्ताओं ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तथा पारदर्शी जांच की मांग की है । इस मामले के निष्पक्ष जांच के लिए एक अच्छे ट्रैक रिक०र्ड वाले अधिकारी की नियुक्ति जैसी मांगों को सम्मिलित किया। - प्रदेश के - स्थानों पर अभाविप कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक प्रदर्शन किया जिसके उपरांत ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप - के हजारीबाग जिला संयोजक-- दीपक देवराज ने कहा की, ष्तमिलनाडु के तंजावुर जिले के हार्ट्स हाई स्कूल में धर्म परिवर्तन के दबाव के कारण हुई छात्रा की आत्महत्या अत्यंत ही दुखद है। हम इस न्याय की लड़ाई में मृतक छात्रा के परिवार के साथ हैं तथा हम राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर आग्रह करते हैं की मामले की निष्पक्ष तथा पारदर्शी जाँच के लिए प्रयास करें तथा धर्मांतरण को रोकने के लिए जल्द से जल्द नए कानून लाए।ष मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, प्रदेश निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, विभाग संयोजक दीपक मेहता,जिला संयोजक दीपक देवराज, जिला सह संयोजक सोनू राय, नगर मंत्री मंदीप यादव, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, बाबूलाल मेहता, जिला जनजातीय कार्य प्रमुख मिलन मुंडा,साहिल कुमार, अभिमन्यु कुमार, शिवम, सौरव,प्रियांशु भूषण, अंजन कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

## चौपारण अस्पताल पहुंचे डीसी आदित्य आनंद, अस्पताल जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

### अस्पताल जीर्णोद्धार की गुणवत्ता से कोई समझौता नही, शिकायत पर होगा कार्यवाई : डीसी

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




सामुदायिक अस्पताल चौपारण के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने मंगलवार को जिले के डीसी आदित्य कुमार आनंद, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह, डीआर डीएचओ कपिल मुनि पहुंचे। अधिक. ारियों ने सामुदायिक अस्पताल में एक घंटे रहकर अस्पताल जीर्णोद्धार कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। जानकारी हो कि डीएमएफटी मद के 62 लाख रुपये की स्वीकृति राशि से अस्पताल का जीर्णोद्धार हो रही है। निरीक्षण के बाद साम. ुदायिक अस्पताल प्रभारी डॉ० भुवनेश्वर गोप, डॉ० योगेंद्र सिंह, बीपीएम जागेश्वर शर्मा, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष सिन्हा, गणपति झा के साथ बैठक कर अस्पताल जीर्णोद्धार की जानकारी ली। डीसी ने कहा कि अस्पताल जीर्णोद्धार की गुणवत्ता से कोई समझौता नही होगी। मंदिर के तरह अस्पताल से आमलोगों की आस्था जुड़ी रहती है। स्वास्थ्य सेवा ईमानदारी से करे तथा अस्पताल के जीर्णोद्धार के बाद सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। डीसी ने संवेदक तथा कार्य कर रहे स्थानीय लोग भी कार्य के प्रति कोई भी लापरवाही न करें। शिकायत के बाद कड़ी कारवाई होगी। डीसी ने संवेदक को निर्देश दिया कि सभी अधूरे कार्य शीघ्र पूरा करें। अस्पताल में पानी कनेक्शन, पीछे का चहारदीवारी, सहित अन्य कार्य को पूरा करे। अस्पताल के पिछले चहारद. ीवारी में 15 फिट तथा जीटी रोड में 20 फिट का रास्ता बनेगा। अस्पताल परिसर में पेबर ब्लॉक लगेगा। डीसी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि अस्पताल का कार्यालय को ऊपर तल्ले में शिप्ट करे। अस्पताल के अंदर लैब की व्यवस्था करे। अस्पताल परिसर के पुराने बिल्डिंग को ध्वस्त करे। अस्पताल की साफ, सफाई पर अधिक ध्यान रखे। मरीजो के साथ अच्छा व्यवहार करे। सेवा की भावना से काम करे।

## मछली पकड़ने के दौरान तालाब में डूबा युवक, मौत

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा पंचायत के केशठ कब्रिस्तान के पीछे स्थित तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गया। मृतक की पहचान बरही निवासी अशोक मल्लाह के लगभग 35 वर्षीय पुत्र रवि निषाद के रूप में हुवा। स्थानीय युवकों ने बताया कि बरही निवासी संतोष निषाद के साथ मृतक रवि निषाद केशठ तालाब में मछली पकड़ने के लिए आया था। दोनो आसपास के तालाब में ट्यूब के सहारे मछली पकड़ रहे थे। रवि ट्यूब से अनियंत्रित होकर पानी मे कब गिग किसी को पता नही चला। दूसरे तालाब में मछली पकड़ रहे संतोष जब आया तो देखा ट्यूब पर रवि निषाद नही है। संतोष ने स्थानीय युवकों की सहायता से तालाब में खोजबीन शुरू किया। खोजबीन के बाद रवि का शव नदी से बाहर निकाला गया। मालूम हो कि संतोष निषाद द्वारा तालाब में मछली पालन जा रहा था। इधर घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची चौपारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्तरपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया ।

## आम बजट काफी बेहतर है : राजेश प्रसाद

### सभी वर्गो के लोगो का ख्याल इसमे रखा गया है

**अपेम लाइवः बकागॉव**



पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सचिव सह हजारीबाग,रामगढ़,कोडरमा के जिला प्रभारी राजेश प्रसाद ने आम बजट को काफी बेहतर बताया । साथ ही विपक्ष को आडे हाथों लिया । मौके पर पत्रकारों से बात करने पर राजेश प्रसाद ने कहा की बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत बहुत बधाई। यह नए और समृद्ध, शक्तिशाली व विकसित भारत का बजट है। अधोसंरचना विकास के लिए 35ः से ज्यादा राशि बजट पर बढ़ाई गई है। इससे अधोसंरचना के विकास के साथ-साथ रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। यह किसानों की आय दोगुना करने का बजट है। खेती को टे. क्नोल०जी से जोड़ा गया है। हाइटिक टेक्नोल०जी का लाभ किसान को कैसे मिले, इसका मार्ग प्रशस्त किया गया है। प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दिया गया है। इससे लोगों के साथ धरती का भी स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। वही युवा मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष बादल कुमार ने कहा की मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है, जो भारत की अर्थव्यवस्था का स्केल बदलने वाला बजट साबित होगा। ये बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव डालेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री का अभिनंदन करता हूँ। वही महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संजू देवी ने कहा की एक तरफ बजट जलवायु कार. ्वाई और पर्यावरण की रक्षा की बात करता है। दूसरी ओर, यह पारिस्थितिक रूप से विनाशकारी नदी-जोड़ने वाली परियोजनाओं को आगे बढ़ाता है। बयानबाजी अच्छी लगती है। लेकिन कार्रवाई ज्यादा मायने रखती है। उस मोर्चे पर, मोदी सरकार विनाशकारी रास्ते पर है।

## मुखिया देवनाथ राणा भी होंगे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित

**अपेम लाइव :**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**


मुखिया देवनाथ राणा

बिरनी प्रखंड बंगराकला पंचायत के लोकप्रिय/ जनप्रिय विकास पुरूष मुखिया सह गिरिडीह जिला मुखिया संघ अध्यक्ष आदरणीय देवनाथ राणा जी को अपने पंचायत में विकास कार्यो की गंगा बहाने के लिए दो दो राष्ट्रीय पुरुस्कार की बड़ी सौगात दे कर पंचायत में हुए विकास कार्यो पर मुहर लगा दी है जो पंचायत वासियो के लिए गर्व की बात है , अब बंगराकला पंचायत के लोकप्रिय मुखिया देवनाथ राणा जी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मानित होंगें।

APEM LIVE

## भाकपा माले निमाडीह लोकल कमिटी की बैठक हुआ संपन्न

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत निमाडीह पंचायत के ग्राम विश्नीटिकर में भाकपा माले लोकल कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव जी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य प्रदिप यादव एवं संचालन रंजीत कुमार ने किया। इस बैठक में पार्टी मजबूती, नए सदस्यों कि भर्ती, रेनुवल एवं ब्रंचो की पुनर्गठन को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा की अभी लगातार ब्लॉक में भ्रष्टाचार बढता जा रहा है ।आए दिन मनरेगा योजना हो या कोई अन्य काम बिना पैसा के स्वीकृति नहीं करते है। यदि नौजवानों को मनरेगा में स्वीकृति नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगे ।दुसरी और जिस तरहा कोरोना के कारण जिस तरहा से पलायन है बेरोजगारी है तो सरकार की ऐ जिम्मेवारी है मनरेगा ऐक्ट को मजबूती से लागू किया जाए ।और उन्होने कहा की आज मोदी सरकार द्वारा किसानों के साथ गद्दारी किया और जो समझौता हुआ उसे लागू नहीं किया गया ।नौजवानों के त्त्ठ और छ्ज्च्ब् के रिजल्ट में धांधली हुवा और छात्रो द्वारा सरकार से रेलवे और एनटीपीसी रिजल्ट जांच की मांग की किया गया तो छात्रों के उपर बर्बरता तरीके से लाठी बरसाया गया इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं ।हम हेंमत सरकार से मांग करते हैं की झारखण्ड में 1932 की स्थानीय नीति लागू करे और युवाओं को स्थानीय पहल पर बहाल करें। ’मौके पर रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार,पंकज यादव, संतोष पंडित, भोला यादव, अनिल कुमार, बबलू यादव, विकास यादव, मोहन यादव, रमेश कुमार समेत दर्जनों नौजवान शामिल थे।

## युवा समाजसेवी मुकेश कुमार ने सरकार से जल्द पंचायत चुनाव कराने की मांग की

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के युवा समाजसेवी मुकेश कुमार ने पंचायत में हो रही देर में उन्होंने सरकार से पंचायत चुनाव जल्द कराने की मांग की है। मुकेश कुमार ने कहा की चुनाव पिछले वर्षो होने वाली थी जो कोविड -19 के वजह से नहीं हो पाई जिसके कारण पंचायत में विकास अछे ढंग से नही हो पा रही है। इसलिए सरकार को इस पर कड़े फैसले लेकर जल्द चुनाव की घोषणा करना चाहिए जिससे आने वाले समय में पंचायत की स्थिति सही हो और पंचायत विकास में कोई कमी ना हो। झारखंड के हर एक पंचायत विक. सित हो। उन्होंने सरकार से मांग किया कि जल्द से जल्द वह चुनाव की घोषणा कर झारखंड के सभी पंचायत को विकसित करें।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## ग्राम पंचायत कपिलो के प्रधान इन्दु देवी के उत्कृष्ट कार्यों के बदौलत राष्ट्रीय पुरस्कार का लगेगा छक्का

### 24 अप्रैल 2022 को पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर कपिलो पंचायत के मुखिया इन्दु देवी को दिल्ली में प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री करेंगे सम्मानित

**अपेम लाइव : बिरनी /गिरिडीह सब्बा अहमद**



देश भर की ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त करने में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले झारखण्ड के गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखण्ड की ग्राम पंचायत कपिलो की मुखिया इंदु देवी का नाम है। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा मूल्यांकन वर्ष 2020-21 के लिए ग्राम पंचायत कपिलो को चार राष्ट्रीय पुरुस्कारों के सत्यापन के लिए राज्य स्तर पर चयन हुआ है। देश स्तर पर कपिलो को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। झारखण्ड सरकार के पंचायती राज विभाग ने जिला पदाधिकारी को पत्र भेजा गया है। इसमें ग्राम पंचायत कपिलो को पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चारों स्तर का पुरस्कारों में चयन की है। पंचायत को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरूस्कार , नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरुस्कार, ग्राम पंचायत डेवलपमेंट पुरस्कार, एवम् बाल मैत्री ग्राम पंचायत पुरुस्कार के लिए चयन किया गया है। यह चारों राष्ट्रीय पुरुस्कार के लिए प्रखंड एवं जिला स्तर के कमिटी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायतों का चयन कर राज्य को भेजा जाता है और राज्य एवं केन्द्र स्तरीय अधिकारियों के द्वारा अवार्ड सबंधित सारे अभिलेख को जाँच पड़ताल कर फील्ड व भौतिक वे. रिफिकेशन के उपरांत चयन कर पंचायती राज दिवस के मौके पर 24 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम् केंद्रीय मंत्री पंचायती राज विभाग के द्वारा सम्मानित किया जाता है।

राज्य स्तरीय क्षेत्रीय दल के द्वारा किया गया ग्राम पंचायत कपिलो के उत्कृष्ट कार्य की जाँच व् भौतिक सत्यापन : कपिलो मुखिया इंदु देवी की ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्यो की जाँच व् भौतिक सत्यापन के लिए राज्य स्तरीय गठित क्षेत्रीय सत्यापन दल में जिला पंचायती राज पदाधिकारी दुमका के रजत अनूप कच्छप और एस. एम. तिवारी, कार्यपालक पदा. धिकारी दुमका तथा रणबीर सिंह प्रभारी प्रचार्य च्ज्प देवघर और रामेश्वर सिंह कार्यपालक पदाधिकारी धनबाद के द्वारा ग्राम पंचायत भवन कपिलो पहुंचकर वितीय वर्ष 2020-21 में किये गए कार्यो को मुल्यांकन किया गया और चारों पदाधिक. ारियों ने मुखिया का उत्कृ ष्ट कार्य की जाँच स्थल में जाकर निरीक्षण किया एवं सबंधित कागजात का पंचायत भवन में मिलान किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत में सभी तरह के पंजी का जांच व् भौतिक सत्यापन किया गया है और पंचायत में उत्कृष्ट कार्य किया गया है जिसका जाँच रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। कपिलो मुखिया इसके पूर्व में भी राष्ट्रीय अवार्ड से हो चुकी है सम्मानितरू कपिलो मुखिया इंदु देवी को लागतार पिछले चार बार भी उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर व प्रधानमंत्री के हांथों से सम्मानित हो चुकी है । इस बार फिर से मुल्यांकन वर्ष 2020-21 के तहत उन्हें बेहतर व् उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरूस्कार 2022 के लिए चयन किया गया है। इस तरह हुआ पंचायत का चयन रू इस चारों पुरूस्कार के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा प्रत्येक अवार्ड के लिए 100 अंक निर्धारित है जिसका अ०नलाइन आवेदन होती है इसमें कपिलो पंचायत को ग्राम पंचायत विकास पुरस्कार के लिए 99 अंक, नानाजी देशमुख गौरव में 96.5 अंक, बाल मैत्री पंचायत अवार्ड में 100 अंक और पंचायत सशक्तिकरण पुरुस्कार में 98 अंक मिले है । इसके बाद राज्य सरकार ने राष्ट्रीय अवार्ड के सत्यापन के लिए एक टीम कपिलो पंचायत पहुंची और राज्य स्तरीय क्षेत्रीय दल ने मूल्यांकन वर्ष 2020-21 में किये गये कार्यों की कागजात व स्थल का मुआयना व निरीक्षण किया। जाँचोपरांत राज्य सरकार के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने के लिए केन्द्र सरकार को रिपोर्ट भेजा गया है।

लागातर अवार्ड प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण रु ग्राम पंचायत कपिलो के प्रधान इन्दु देवी ने कहा कि पूर्व में भी चार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद इस वर्ष पुनः राष्ट्रीय अवार्ड के लिए चयन होना हमारे के लिए बहुत ही बड़ी उपलब्धि है और इस वर्ष पुनः राष्ट्रीय अवार्ड के चयन होना हमारे लिए बहुत ही बड़ी चुनौती थी लेकिन कठिन परिश्रम के कारण चार चार अवार्ड के चयन होने से मुझे काफी खुशी है, इससे और भी बेहतर कार्य करने में मनोबल बढता रहता है। इस बार राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड का छक्का लगेगा और यह पुरा कार्यकाल कपिलो पंचायत के नाम को इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में लिखा जाएगा। पूरे पंचायत वासियों के साथ साथ वार्ड सदस्यों, कर्मियों और प्रखंड व जिला स्तरीय पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिलता रहा है इसलिए सभी को सहयोग करने के लिए हार्दिक अभिनंदन है। यह राष्ट्रीय अवार्ड कपिलो पंचायत के लिए यह सुनहरा पल एवं ऐतिहा. सिक और गौरवान्वित भरा पल है। यह पुरूस्कार समस्त जनता जनार्दन को समर्पित है और जनहित के लिए हमेशा की तरह और भी बेहतर कार्य करने लिए दृढ़ संकल्पित हूँ। आज पूरे पंचायत में हर घर में नल से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है, एंबुलेंस की सेवा बहाल की गयी है। हर घर में शौचालय है। सैकड़ों लोगों को पक्का आवास, पेंशन, राशन क०र्ड की सुविधा दिया गया है। सभी गाँव को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है गाँवों टोले में पीसीसी, नाली, पुलिया, कूप मरम्मती, पेवर ब्ल०क पथ, चबूतरा, स्कूल चाहर दिवारी, जलमीनार, स्ट्रीट लाईट, शमशान शेड सहित सारे बुनियादी योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत उतारा गया है।

**कपिलो पंचायत वासियों में हर्ष का महौल** राष्ट्रीय पुरुस्कार का छक्का लगाने लिए तैयार कपिलो पंचायत का लागातार चयन होने से पंचायत वासियो में हर्ष का महौल है। कपिलो मुखिया जी के उत्कृष्ट कार्यो का लोग सराहना कर रहे हैं और मुखिया जी बधाइयाँ दे रहे हैं, विदित हो कि लागतार पिछला चारों वर्ष से कपिलो पंचायत को राष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त करने के लिए चयन किया जाता रहा है और वर्षा 2018 में बड़े हर्ष के साथ पंचायत वासियों ने बैंड बाजा के साथ माननीय प्रधान इन्दु देवी तिलक लगाकर को दिल्ली जाने के लिए रवाना किये थे और अवार्ड मिलने के बाद वापस आने पर मुखिया इन्दु देवी को ढोल बाजा के साथ नाचते झुमते हुए भव्य तरीके से स्वागत किया गया था । इस वर्ष भी अवार्ड के लिए चयन होने पर बधाइयाँ देने में मुख्य रूप से सभी वार्ड सदस्य के साथ साथ जग. न्नाथ प्रसाद रजक, सूरज मोदी, आदित्य साव, चंदन मोदी, तालेश्वर यादव, जितेन्द्र दास, दिनेश सिंह, राजेश यादव, छोटन राणा, हदीश अंसारी,साबिर अंसारी, कमलकांत सिंह, उदय सिंह, आरती देवी, तारा देवी, संजू कुमारी, रूबी कुमारी के अलावे सैंकड़ों लोग शामिल हैं।

## पोस्ता की खेती पर जिला प्रशासन की तीसरी आंखे भी हुए फेल

### राजपुर थाना क्षेत्र के जंगली इलाको के तीन दर्जन से अधिक गांवों में लगभग दो हजार पांच सौ एकड़ में लहलहा रही है पोस्ता की फसल

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी प्रमोद सिंह**



फिर एक बार राजपुर वन क्षेत्र और थाना क्षेत्र अफगा. निस्तान बनने की राह पर है चतरा जिला।राज्य सरकार और जिला प्रशासान के लाख कोशिश के बावजूद भी पोस्ता के खेतिहर लोगो अफीम माफियाओं के बहक. ावे और चंगुल में आकर जम कर पोस्ता की खेती किये हैं।और जिस तरह से केवल राजपुर थाना क्षेत्र के जंगली इलाको में पोस्ता लहलहा रहा है निश्चित रूप से यह सफेद जहर का जाफना यानी अफगानिस्तान बनने की राह पर है।बताते चलें कि जिला प्रशासान ने पोस्ता की खेती नहीं हो इसके लिए प्रखण्ड स्तर पर गांव गांव में जाकर पोस्ता के नुकशान के बारे में ग्रामीणों को बताया गया फिर भी ग्रामीण बेखौप होकर पोस्ता की खेती कर डाले।ग्रामीणों के ऊपर अफीम माफियाओं का खुला श्रेय मिला हुआ है।जिसके कारण प्रशासान के बगैर भय के खेती किया जा रहा है। जितने बड़े पैमाने पर पोस्ता की फसल को लगाया गया है और अब जब फूल लग जाएगा तो पूरा जंगली इलाका सफेद ही सडफ़ नजर आने लगेगा।जिला प्रशासन ने पहले ही थाना और अंचल को हिदायत दी थी कि जिस थाना क्षेत्र में पोस्ता की खेती हुई तो उस क्षेत्र के थानेदार नपेंगे,उसके बाद जिस पंचायत में पोस्ता की खेती होती है तो मुखिया,समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों पर भी करवाया होगी,और राजपुर प्रशासन के द्वारा एक मुखिया पर पंचायत में पोस्ता की खेती होने के आरोप में मुकदमा भी हुआ बावजूद ग्रामीण बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती कर जिला प्रशासान को मानो चुनौती दी है कि हम खेती करेंगे ही । जिला प्रशासान की तीसरी आँखे(ड्रोन)भी हुआ फेल,नहीं कर पाई पोस्ता की निगहबानीरू- जिला प्रशासन ने पोस्ता की खेती न हो इसको लिए जंगली इलाको में ड्रोन कैमरा से पोस्ता की फसल कहाँ कहाँ है उसका पता लगाने के लिए उपयोग कर पोस्ता की फसल नष्ट करने की बात भले ही कही,लेकिन अब तक राजपुर थाना क्षेत्र या राजपुर वन क्षेत्र में कही भी ड्रोन से पा. ेस्ता की फसल को पत्ता नहीं पगाया गया।और जिला प्रशासन के लाख मना के बाद भी लगभग ढाई हजार एकड़ जमीन पर पोस्ता का फसल लहलहा रहा है।अर्थात तीसरी आंखें भी पोस्ता की फसल को बर्बाद नहीं करवा सकी। पन्द्रह दिनों में पोस्ता की पौधों में आ जाएगा फूलरू-पोस्ता की फसल में अब कुछ ही दिनों में फूल लगना भी शुरू हो जाएगा। कुछ ग्रामीणों ने भी इसका विरोध किया और कहा है कि कुछ जो पोस्ता पहले लगा है उसमें फूल आने भी लगा है और कुछ में पन्द्रह दिनों में फूल आ जाएगा और एक माह भी पोस्ता की फसल से दूध अर्थात अफीम निकालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दिया जाएगा। अफीम माफिया चुस्त और प्रशासान दिख रहा है सुस्तरू- प्रशासान के लाख मनाही और कोशिश के बाद भी पोस्ता की लहलहाती फसल प्रशासान के पोस्ता विरोधी अभियान पर सवाल खड़ा कर देती है। पोस्ता अफीम के माफियाओं ने जब लहलहाती फसल को देख रहे हैं तो वो चुस्त हैं कि अब हमारा सफेद जहर का कारोबार जम कर चलेगा वही प्रशासान अभी तक मात्र दो तीन दिन नाम मात्र के अभियान चलाई और प्रशासान सुस्त दिख रही है ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन चुस्ती दिखाती तो पोस्ता की खेती नहीं होता।जब शुरू में जिला प्रशासन की तेवर को देखा गया तो लगा था कि इस वर्ष सफेद जहर से चतरा को जिला प्रशासन बचा लेगी लेकिन जिस तरह से राजपुर वन क्षेत्र के जंगली इलाको में पिस्ता अब फूल पकड़ने को तैयार है उससे लगता है कि चतरा के युवा एक बार फिर सफेद जहर के आगोश में समा जाएंगे।लगभग दो हजार पांच सौ एकड़ में लहलहा रहा है पोस्ता की फसल रा. जपुर वन क्षेत के जमीन और रैयती जमीन दोनो मिलाकर लगभग ढाई सौ एकड़ लगभग जमीन पर पोस्ता की फसल को लगाया गया है।इतने बड़े पैमाने पर खेती को नष्ट करने के लिए जिला प्रशासन को महीनों लग सकते हैं। इन गांवों में लहलहा रही है पोस्ट की फसलरू- राजपुर थाना क्षेत्र के पथेल, ,बघमरी,बिरबिरा टांड़, नारे,धवाईया,बनियांबा. ध,गड़िया, अमकुदर, सिकिद, बेंगोकला, के रोपनी टांड़, बेंगोखुर्द (बेंगोखुर्द के एवं लारा लुट्टु दाग के बीच वाला जंगल मे) रमखेता, बिरलूटूदाग, हेमरा,लुटा, डुमरिया, कोटाप शिशियतरी के वन भूमि एवं गौरंजरूवा एवं रैयती जमीन पर फसल लहलहा रहा है।

## डीसी ने किया विष्णुगढ़ सीएचसी का औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




हजारीबाग डीसी आदित्य कुमार आनंद मंगलवार को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर स्वास्थ्य सु. विधाओं का जायजा लिया। पूरे अस्पताल परिसर में निरीक्षण कर रख रखाव के काम को देखकर कई निर्देश दिए। अस्पताल भवन की रंगाई पोताई के काम को देखा। डीसी के साथ सिविल सर्जन डॉ० एसपी सिंह के अलावा सीओ रामबालक कुमार भी मौजूद थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अरुण कुमार सिंह से डीसी ने स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी जानकारी लेकर मरीजों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का निर्देश दिया। डीसी के आने की सूचना पर झामुमो नेता राजू श्रीवास्तव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, मंजीत सिंह, दिलीप सिंह आदि भी पहुंचे और डीसी से मिलकर कई स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी दी। कहा कि विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का लंबे समय से प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है। जिससे महिला मरीजों को काफी परेशानी होती है। उन्हें निजी नर्सिंग होम में महंगे इलाज का रूख करना पड़ता है। अस्पताल में महिला चिकित्सक की पदस्थापन की मांग की गई। इसके अलावा अन्य कई परेशानियों से रूबरू कराया। डीसी ने महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति का आश्वासन दिया।

## नापो कला में काली पूजा को लेकर मेले का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



ग्राम नापोकला के काली पूजा को लेकर मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया ग्राम प्रधान सोनी देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। मुखिया सोनी देवी ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में आप सभी लोग कोरोना गाइ. डलाइन का पालन करते हुए मेला लगाएं । काली पूजा समिति के सभी सदस्य इस पूजा को शांति पूर्वक सफल बनाने में प्रयासरत हैं। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष देवनाथ सिंह यादव, सचिव गणेश यादव, कोषाध्यक्ष रामचंद्र भुइँया, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता , पैक्स अध्यक्ष फागु यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि चंदर साव, राजकुमार यादव, जगदीश साहू ,कमल यादव, कृष्णा साव, मुन्ना साव, जगदीश मोदी, अमित कुमार विशेश्वर कुमार, महेश महतो, विकास कुमार,भीखू यादव, दिनेश यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE